टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)

# गंगावतरणम
# GANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका



Follow us:-
@THDCIL 24x7
@THDCIL
@THDCIL India Limited - Official
@THDC India Limited-Official
@THDCIL_MOP

अप्रैल, 2024

**मुख्य संरक्षक**
**श्री आर. के. विश्नोई**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**संरक्षक**
**श्री शैलेन्द्र सिंह**
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
महाप्रबंधक
(मानव संसाधन एवं जनसंपर्क)

**उप संपादक**
**सुश्री काजल परमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**विशिष्ट सहयोग**
**श्री पंकज कुमार शर्मा**
उप प्रबंधक (राजभाषा)

**सहायक संपादक**
**श्री ईशान भूषण**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**समन्वयक**

टिहरी
**श्री मनवीर नेगी**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

कोटेश्वर
**श्री आर. डी. ममगाई**
उप प्रबंधक (जनसंपर्क)

कौशांबी
**श्री बी. एस. चौहान**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

पीपलकोटी
**श्री अविनाश कुमार**
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

खुर्जा
**श्री प्रभात कुमार**
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

# CONTENTS

1. CMD Message....................................................2.
2. Additional Secretary, MoP, GOI visited THDCIL & Inauguration of Vigilance Wing at Gangotri Bhawan, Rishikesh ..........................3.
3. THDCIL & SJVNL signed MoU for High Performance Sports Academy..................4.
4. Executive Director- P&GS, LIC held a meeting with Director (Personnel) THDCIL & Engine Rolling on Railway Siding (Downline) from Danwar Station to THDC Plant Yard................................5.
5. Launching of QR-based Smart Medical Card system & Director General (Audit) visited Tehri Dam.........................................................6.
6. Successful Charging of 420 kV, 125 MVAr Bus-Reactor at KSTPP & A Commercial Agreement signed by KSTPP with Indian Railway's Zonal office.........................................................7.
7. MoU between TUECO and Municipal Corporation Haridwar & National Fire Safety Day at Tehri & Installation of water plants at schools by KTSPP.............................................8.
8. Ladies Welfare Association...............................9.
9. Retirement .......................................................10.



अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः || Nothing is out of reach for someone with courage and perseverance.



# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के मेरे प्रिय साथियों,

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड एक विश्वस्तरीय ऊर्जा इकाई बनने के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है |आज हम जल विद्युत ही नहीं अपितु विद्युत उत्पादन के प्रत्येक क्षेत्र जैसे पवन, सौर एवं ताप विद्युत में भी अपनी अविस्मरणीय छाप छोड़ रहे हैं | भारत के कॉरपोरेट जगत में इस मुकाम तक पहुँचने में आप सभी के परस्पर सहयोग और मेहनत की महती भूमिका रही है |

साथियों, आज के विद्युत परिवेश में निरंतर हो रहे बदलावों के कारण हमें नित नए आयाम छूने के लिए परस्पर कार्यशील रहना है | जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि किसी भी कंपनी के लिए उसका मिशन, विजन और मूल्य भविष्य के अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक मार्गदर्शक का कार्य करते हैं | इसी संदर्भ में कुछ समय पूर्व हमने निगम की अभिदृष्टि, मिशन ओर तात्विक मूल्यों पर मंथन किया और इन्हें नव-सृजित रूप में अभिगृहित किया |

हमारे आधारभूत मूल्य वह मौलिक विश्वास हैं जो हमारे निगम तथा हमारे लोगों का मार्गदर्शन करते हैं। टीएचडीसी के मूल्य 'आकांक्षाओं' (ASPIRE) द्वारा निर्देशित हैं, जिसमें सबसे पहला मूल्य जवाबदेही (Accountability) है जिसके अनुरूप हम सभी को कार्य करने हैं |

किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा किए गए कार्यों, निर्णयों और हितधारकों पर पड़ने वाले प्रभावों के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करना ही जवाबदेही कहलाता है। व्यक्ति एवं कंपनी की जवाबदेही के पीछे एक उद्देश्य होता है, उस उद्देश्य के प्रति ईमानदार और नैतिक आचरण के साथ कार्य निष्पादन करने की जिम्मेदारी को स्वीकार करना ही जवाबदेही है।

कॉर्पोरेट जगत में, जवाबदेही इस बात पर निर्भर करती है कि किसी भी कंपनी का एकमात्र महत्वपूर्ण लक्ष्य सिर्फ वित्तीय प्रदर्शन नहीं होना चाहिए एवं कंपनी की जवाबदेही केवल हितधारकों के प्रति ही नहीं होनी चाहिए। वास्तव में किसी भी कंपनी की जवाबदेही कर्मचारियों और समुदाय के लोगों तथा आम जनता के प्रति भी होती है। लेकिन मामूली से दिखने वाले इस शब्द का भार प्रत्येक व्यक्ति नहीं उठा पाता | इस शब्द का भार उठाने की क्षमता केवल उन बहादुर लोगों के अंदर होती है जो अपने ज्ञान, प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और प्रयासों के प्रति आश्वस्त हैं, अपने द्वारा किये गए कार्य निष्पादन के आधार पर मूल्यांकन के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

टीएचडीसीआईएल से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति ज्ञान, प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और प्रयासों के प्रति आश्वस्त है। टीएचडीसीआईएल राष्ट्रव्यापी जलविद्युत, नवीकरणीय ऊर्जा और थर्मल परियोजनाओं को विकसित करने के लिए राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों और अन्य सरकारी संगठनों के साथ कार्यशील है । इसके लिए एक ऐसी टीम का होना आवश्यक है जो जवाबदेही के साथ-साथ चुनौतियों को भी स्वीकार करें और राष्ट्र के निर्माण में योगदान करें।

**"किसी भी संगठन के लिए यह आवश्यक है कि विशिष्ट परिभाषित परिणाम प्राप्त करने के लिए स्वयं की तथा अन्य सहयोगियों की जवावदेही सुनिश्चित की जाए |"**

धन्यवाद

**(आर. के. विश्नोई)**



On 20th April, 2024 Sh. Ajay Tewari, Additional Secretary, Ministry of Power, Government of India visited THDC India Limited at its Corporate Office in Rishikesh. During the visit, Sh. Tewari convened a meeting with Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, THDC India Limited, to review the progress activities of the ongoing projects.

## Inauguration of Vigilance Wing at Gangotri Bhawan, Rishikesh






In its relentless pursuit of providing affordable 24 x 7 power to all, THDC India Limited is also enhancing its operational efficiency and infrastructural capacity to meet the demands of its dynamic workforce. Our company is committed to providing a conducive working environment for optimal employee performance. Sh. R. K. Vishnoi, CMD highlighted that THDCIL's vigilance practices focus on prevention rather than punitive actions, underscoring the critical role of a good working environment with modern State-of-the-Art facilities. Besides steadfast dedication to sustainable growth and societal well-being, THDCIL is also proactively expanding its infrastructure to meet the evolving needs of its workforce, underscoring its commitment to foster a conducive work environment.

In this regard, Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), THDC India Limited, inaugurated the newly dedicated Vigilance Wing at the Gangotri Bhawan, in Corporate Office at Rishikesh in the presence of Sh. Prem Prakash, CVO (THDCIL & SJVN) on 01st April, 2024.

Sh. Singh while addressing the employees at the inauguration ceremony said that THDCIL is proactively expanding its infrastructure to cater to the needs of its growing workforce. This proactive approach encompasses a multifaceted strategy aimed at not only sustaining its operational excellence but also fostering an environment conducive to growth and development. Through strategic investments in infrastructure expansion projects, THDCIL is ensuring that its facilities align with the needs and aspirations of its workforce.

On the occasion, Sh. Prem Prakash, CVO (SJVN & THDCIL) also highlighted THDCIL's enormous potential as a rapidly growing organization. He said opening of this newly equipped Vigilance Wing with modern facilities reflects THDCIL's preparedness to meet employees' necessities in a fast-paced work environment.

Sh. S. S. Panwar, CGM (IT), Sh. Ajay Kumar Goel (Dy. CVO) and other senior officers of the organization were also present during the occasion.

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएन ने टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स में हाई-परफॉर्मेंस अकादमी के विकास हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए




**समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने का दृश्य**

भारत में वाटर स्पोर्ट्स के विकास में क्रांति लाने के उद्देश्य से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएन फाउंडेशन (एसजेवीएन लिमिटेड का एक समर्पित ट्रस्ट) ने एक विशेष समारोह में, टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स, उत्तराखंड में टीएचडीसीआईएल हाई-परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना के लिए 26 अप्रैल, 2024 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के.विश्नोई ने इस ऐतिहासिक कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एमओयू इंगित करता है कि हाइड्रो परियोजनाएं न केवल देश को 24X7 किफायती विद्युत उपलब्ध करवा सकती हैं, बल्कि विकसित भारत के विजन को साकार करने हेतु देश में खेल की शक्ति को भी बढ़ावा दे सकती हैं। हाइड्रो परियोजनाओं में न केवल ऊर्जा के दोहन में नए मानक स्थापित करने की क्षमता है, बल्कि बुनियादी ढांचे के निर्माण और क्षेत्र की उभरती एथलेटिक प्रतिभाओं को निखारने के लिए मंच प्रदान करने और वाटर स्पोर्ट्स को अगले क्षितिज पर ले जाने में भी मदद प्रदान कर सकती हैं, जिससे भारत को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल परिदृश्य पर भी गौरवान्वित किया जा सकता है।

इस दूरदर्शी पहल के मूल में टीएचडीसी की समग्र राष्ट्रीय विकास के प्रयासों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता निहित है, जिसका उदाहरण वर्ष 2022 और 2023 में टिहरी, उत्तराखंड में दो राष्ट्रीय स्तर के वाटर स्पोर्ट्स के सफल आयोजनों से मिलता है। यह महत्वपूर्ण पहल वाटर स्पोर्ट्स की कयाकिंग और कैनोइंग स्ट्रीम्स के लिए प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक सहयोगात्मक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, ताकि हमारे युवाओं को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया जा सके।

श्री अवधेश प्रसाद, महाप्रबंधक(एसजेवीएन) और श्री अमरदीप, महाप्रबंधक (टीएचडीसीआईएल) ने श्रीमती गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन एवं श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड तथा एसजेवीएन और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में एसजेवीएन कार्यालय, दिल्ली में इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर श्रीमती गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने कहा कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ यह साझेदारी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी आयोजनों के लिए हमारे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए पावर पीएसयू की एक साथ आने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हाई-परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने और भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अनुकूल माहौल बनाना है।

श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसीआईएल ने कहा कि इस ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ पावर पीएसयू द्वारा प्रतिभा को पोषित करने, खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों का एक नया अध्याय आकार ले चुका है। खेल के बुनियादी ढांचे के विकास में कॉर्पोरेट तालमेल के लिए एक मिसाल कायम करने वाली इस परिवर्तनकारी साझेदारी के साथ, अन्य प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी इसी तरह की परिवर्तनकारी पहल को बढ़ावा देने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ हाथ मिला रहे हैं, जो भारत को खेल उत्कृष्टता और वैश्विक मान्यता की ओर ले जा रहे हैं।

इस दूरदर्शी साझेदारी के तहत, एसजेवीएन फाउंडेशन, एसजेवीएन लिमिटेड की सीएसआर विंग, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही कयाकिंग और कैनोइंग हाई-परफॉर्मेंस अकादमी में एक अत्याधुनिक उन्नत जिम्नेजियम की स्थापना के लिए 1.00 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।

इस परियोजना को टीएचडीसीआईएल द्वारा प्रायोजित गैर-लाभकारी पंजीकृत सोसायटी सेवा-टीएचडीसी के माध्यम से विकसित और कार्यान्वित किया जा रहा है, इस परियोजना को एमओयू पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 12 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा ।



On 22th April 2024, Smt. Manju Bagga, Executive Director- P&GS, LIC Central Office, Mumbai held a meeting with Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), THDCIL at the Corporate Office, Rishikesh. During the meeting various issues including Employee Welfare Fund Management by LIC and Risk policy related to Post Retirement Medical Benefit of the employees, Gratuity trust and Leave Encashment were discussed. During the meeting, Sh. A. K. Garg, CFO and Sh. N. K. Bhattacharya, GM (Finance/PF) along with other senior officers of HR and Finance dept. were also present.

## Engine Rolling on Railway Siding (Downline) from Danwar Station to THDC Plant Yard (Wagon Tippler area) at KSTPP



A historical milestone was achieved on 05th April, 2024 towards the commissioning of 1320 MW Khurja STPP, with the engine rolling on Railway Siding (Downline) from Danwar Station to THDC Plant Yard (Wagon Tippler area). Sh. R. K. Vishnoi, CMD said that Railway Siding Works, land acquisition, formation and P-way activities have been completed in record time-bound manner due to the tireless efforts of Team Khurja. Sh. Bhupender Gupta, Director(Technical) THDCIL was also virtually present during this significant event.

This feat has been achieved in close coordination with Prayagraj division of North Central Railway, ahead of the schedule for coal requirement in the plant. This will ensure the delivery of 7500 MT coal per day for the operation of Unit-1. The locomotive rolling activity conducted is indispensable for efficient operation of the thermal power plant. These locomotives will ensure a steady supply chain by transporting coal to the plant, maintaining optimal inventory levels, and preventing disruptions in production schedules. This achievement is a step forward in the direction of receiving of coal rakes inbound from Amelia coal mines to Khurja STPP through Danwar station.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel) and Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), THDCIL enthusiastically congratulated the Team of THDCIL Officers at Khurja and said that THDCIL officers are known for establishing new benchmarks in the energy sector and this is one more feather in its cap. An overwhelming response was given to the engine drivers and the loco-pilot team by the entire public present at the wagon tippler area. Sh. Kumar Sharad, ED (Project), Sh. Vijay Kumar, AGM (CHP & Rly. Siding), Sh. Ombir Singh AGM (RITES) and Senior officers of THDCIL, NTPC, RITES and Indian Railways were present on this occasion.

## QR-based Smart Medical Card system Launched at THDC India Limited

THDC India Limited (THDCIL) is a Leading Power Generation company with a commitment to Excellence, Sustainability, and Community development, while also prioritizing the Wellness of its employees (serving as well as superannuated) and their family members. In line with this commitment, THDCIL has taken a significant stride towards process simplification and HR digitization with the launch of the QR-based Smart Medical Card system on 01st April, 2024.

On the occasion, Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, THDC India Limited, mentioned that the launch of the QR-based Smart Medical Card system is a significant milestone and need of the hour, in process improvements and digitalization of records and enabling prompt employee welfare services by THDC India Limited.

While commending the efforts of HR department Sh. Vishnoi stated expeditious and ready availability of medical facilities to employees and their families 24×7 with simplification of processes reposes confidence amongst the employees, and motivates them to achieve organizational objectives.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel) THDCIL, emphasized milestone's significance in prioritizing employee welfare and fostering a culture of displaying sensitivity towards its employees and their family members, while aspiring for attaining higher and challenging targets.

Underlining THDCIL's commitment to leveraging technology for employee well-being, Sh. Singh underscored the importance of a healthy workforce in driving sustainable growth. The launch of the QR-Based Smart Medical Card System epitomizes THDCIL's dedication to nurturing talent and promoting a supportive work environment. THDC's recent launch of the QR-Based Smart Medical Card System is among series of various HR systemic improvement initiatives displaying our commitment to leverage the State-of-Art technology for the betterment of our workforce. THDCIL firmly believes that its Human Resource is the most crucial element and a key resource for harnessing growth with sustainability. The Company has always devised and implemented best HR practices towards its employees while nurturing in-house talent.

## श्री संजय कुमार झा, महानिदेशक (ऑडिट), भारत सरकार द्वारा टिहरी बाँध परियोजना का दौरा





25 अप्रैल, 2024 को श्री संजय कुमार झा, महानिदेशक (ऑडिट), भारत सरकार द्वारा टिहरी बाँध परियोजना का दौरा किया गया | इस अवसर पर श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) द्वारा गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत श्री झा द्वारा टिहरी बाँध के विभिन्न स्थलों एवं पावर हाउस और त्रिहरी जल शक्ति संग्रहालय का भी दौरा किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक द्वारा विस्तारपूर्वक टिहरी बाँध के निर्माण, पुनर्वास एवं विद्युत उत्पादन से सम्बन्धित जानकारी दी गई।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा./केन्द्रीय संचार), डॉ. ए. एन. त्रिपाठी; अपर महाप्रबंधक (बाँध), श्री अजय कुमार कंसल; अपर महाप्रबंधक (ओ.एण्ड एम.), श्री आर.एस. राणा; प्रबंधक (जनसम्पर्क), श्री मनबीर सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।



## टिहरी परियोजना में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सप्ताह का आयोजन

टिहरी परियोजना में 10 से 16 अप्रैल, 2024 तक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सप्ताह का आयोजन किया गया | इस अवसर पर परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे सभी ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया |

## Successful Charging of 420 kV, 125 MVAr Bus-Reactor at KSTPP





Khurja Super Thermal Power Project achieved another milestone with successfully charging of 420 kV, 125 MVAr Bus-Reactor at its Switchyard on 24th April, 2024. The reactor will stabilize the Bus voltage and will prevent momentarily over-voltage conditions, which will improve the performance of grid-connected loads during the ongoing commissioning phase and Operational phase.

The Reactor will also support the steady state transfer capability of generated power from 2x660 MW Generators of Khurja STPP. This Reactor, with a rated current of 171.83 Ampere and having ONAN cooling type, has been supplied by BHEL, Bhopal under the TG Package.

Sh. Kumar Sharad, ED (Project) congratulated the entire Electrical team for this achievement. Sh. R.M. Dubey, GM (Electrical), Sh. Arun Kumar, AGM (Electrical), Sh. Mukul Sharma, DGM (TG), Sh. Amit Tripathi, DGM (NTPC), Sh. Shahid Anwar, Manager (Electrical), Sh. K.V. Singh, Manager (BHEL) and other officials of THDC, NTPC, BHEL, and GE were present on this occasion.

## A Commercial Agreement signed by KSTPP with Indian Railway’s Zonal office



In another forward step towards the operationalization of Khurja STPP Railway siding, a commercial agreement signed with Indian Railway’s Zonal office i.e., North Central Railway Prayagraj Division on 10th April, 2024 under the Gati Shakti Multi-Modal Cargo Terminal (GSMMCT) Policy-2022. This shall facilitate movement of coal rakes to cater for the fuel needs of the 2x660 MW thermal plant.

The Gati Shakti Multi-Modal Cargo Terminal (GSMMCT) Policy is a significant initiative introduced by the Indian Railways to enhance the country's logistics infrastructure and promote multi-modal transportation.

This will ensure a steady supply chain for the coal requirement of the plant and promptly for smooth and continuous operation of the Khurja Plant. Further, the maintenance of the tracks, bridges, Overhead electrification, and Signalling systems (excluding the Plant’s yard portion) shall be undertaken by Indian Railway for hassle-free rail movement and the Railway shall also provide its seamless support for siding operations.

The agreement was signed by Sh. Vijay Kumar (Addl. General Manager) on behalf of THDC India Limited and Sh. Himanshu Shukla (Sr. DCM/PRYJ) on behalf of North Central Railway, at the office of Divisional Railway Manager/PRYJ at Prayagraj. Sh. Rakesh Ratan Pathak (Dy. General Manager) was present during the signing of the agreement.

Sh. Kumar Sharad, ED (Project) congratulated both THDC and the Indian Railway team for the signing of a commercial agreement and wished for long association and continued support from the Railway into the foreseeable future.





## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और यूजेवीएनएल के संयुक्त उद्यम, टीयूईसीओ (TUECO) ने अपशिष्ट से हरित ऊर्जा उत्पादन हेतु संयंत्र स्थापित करने के लिए नगर निगम हरिद्वार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



सतत विकास की दिशा में एक और प्रयास के रूप में, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और यूजेवीएन लिमिटेड के संयुक्त उद्यम, टीएचडीसीआईएल - यूजेवीएनएल एनर्जी कंपनी लिमिटेड (टीयूईसीओ) ने 29 अप्रैल, 2024 को अपशिष्ट से हरित ऊर्जा उत्पादन हेतु नगर निगम हरिद्वार के साथ 140 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले संयंत्र को स्थापित करने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए । इस पहल का लक्ष्य प्रतिदिन 400 टन नगरपालिका ठोस अपशिष्ट को 140 टन हरित चारकोल में परिवर्तित करना है। श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने बताया कि इस संयंत्र की स्थापना का उद्देश्य स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, स्वच्छ परिवेश को बढ़ावा देने के साथ-साथ ठोस कचरे से उत्पन्न होने वाली पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करना है। उन्होंने आगे कहा कि पवित्र शहर हरिद्वार के लिए यह प्रयास एक मील का पत्थर साबित होगा, यह संयंत्र ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से भारत की आत्मनिर्भरता लोकाचार को रेखांकित करता है। नगर निगम हरिद्वार ने इस संयंत्र के निर्माण के लिए सराय में लगभग 10 एकड़ भूमि आवंटित की है। टीयूईसीओ और नगर निगम हरिद्वार के अधिकारियों की उपस्थिति में हरिद्वार के नगर आयुक्त, श्री वरुण चौधरी, आईएएस और टीयूईसीओ लिमिटेड के सीईओ, श्री संदीप कुमार ने समझौता ज्ञापन को औपचारिक रूप प्रदान किया।

संयंत्र के संचालन से 400 टन नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का दैनिक प्रसंस्करण शामिल होगा, जिसे 140 टन टोररिफाइड चारकोल का उत्पादन करने के लिए सीधे रिएक्टर में डाला जाएगा। इस नवोन्मेषी प्रक्रिया से प्राकृतिक कोयले जैसा पदार्थ प्राप्त होता है, जिससे विद्युत उत्पादन के लिए ताप विद्युत संयंत्रों में ईंधन मिश्रण के रूप में इसके निर्बाध एकीकरण की सुविधा मिलती है। विशेष रूप से, यह प्रक्रिया पर्यावरण अनुकूल है, जिसमें वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों की तुलना में कम परिचालन तापमान होता है, जिससे विषाक्त उत्सर्जन कम होता है। यह सहयोगात्मक प्रयास सतत अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है जो कि हरिद्वार एवं इसके आसपास के क्षेत्र के स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति टीएचडीसीआईएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## टिहरी परियोजना में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन




14 अप्रैल, 2024 को टिहरी परियोजना के केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अग्निशमन केंद्र, टिहरी एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई केएचईपी कोटेश्वर अग्निशमन केंद्र में “राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस” मनाया गया। टिहरी परियोजना में इस अग्निशमन सेवा दिवस समारोह में श्री ए.के. गौड, निरीक्षक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा कोटेश्वर परियोजना में सहायक कमाण्डेन्ट, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, श्री पारस राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन मुख्य अतिथि श्री एल.पी.जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी काम्प्लेक्स) के कर कमलों द्वारा किया गया।

## खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना द्वारा स्कूलों में लगवाए गए मेघदूत जल संयंत्र



कंपनी के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विभिन्न लोक कल्याणकारी गतिविधियों का निरंतर कार्यान्वयन किया जा रहा है | इसी के तहत सीएसआर विभाग, खुर्ज़ा उच्च ताप विद्युत परियोजना द्वारा हाल ही में परियोजना प्रभावित क्षेत्र के कुल 15 स्कूलों में वायुमंडल से पीने योग्य पानी निकालने वाली वायुमंडलीय जल उत्पादन (Atmospheric Water Generator-AWG) तकनीक पर आधारित मेघदूत जल संयंत्र लगवाए गए । ग्रामीण क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एक बड़ी समस्या है एवं इस क्षेत्र के स्थानीय जन प्रतिनिधियों के द्वारा स्कूली छात्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की लगातार मांग की जा रही थी| इस तकनीक की विशेष बात यह है कि इसमें भूजल या सतही जल की कोई आवश्यकता नहीं है| इसमें जल उत्पादन और शुद्धिकरण एक ही उपकरण में समाहित है| यह मशीन हवा से नमी को खींच कर उसमें मौजूद सभी प्रदूषकों को साफ करेगी और उसे साफ़ पीने योग्य जल में बदल देगी। वायुमंडल में तापमान और आर्द्रता जितनी अधिक होगी, हवा से पानी की मात्रा उतनी ही अधिक उत्पन्न होगी। इस तकनीक से पानी के परम्परागत साधनों पर निर्भरता कम होगी एवं वैकल्पिक साधनों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसे प्राकृतिक आपदाओं के समय जल के परम्परागत साधनों के बाधित होने एवं जल प्रदूषण की समस्या वाले इलाक़ों में भी उपयोग में लाया जा सकता है। इस तकनीक से आपातकालीन समय में पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा सकती है। इन मेघदूत जल संयंत्रों (AWG) का वित्तपोषण सेवा-टीएचडीसी के माध्यम से किया गया । छात्र संख्या के अनुरूप ही 10 स्कूलों में 60 Liters Per Day (LPD) एवं 5 स्कूलों में 150 LPD की क्षमता वाली मेघदूत मशीन लगाई गई ।

## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश द्वारा विदाई समारोह का आयोजन




लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन, ऋषिकेश 'तेजस्विनी' द्वारा 26 अप्रैल, 2024 को क्लब की सदस्या, श्रीमती शालिनी सिंघल के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती चंचल विश्नोई, मुख्य संरक्षिका और श्रीमती मनु शिखा गुप्ता, संरक्षिका मुख्य तौर पर उपस्थित रहीं | इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याओं ने श्रीमती सिंघल के साथ बिताई पुरानी यादें साझा कीं और उनके सुखद भविष्य की कामना की |

## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश द्वारा कीर्तन का आयोजन



लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश द्वारा प्रथम चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर आराधना भवन मंदिर परिसर में 09 अप्रैल, 2024 को मां भगवती का कीर्तन आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मनु शिखा गुप्ता, क्लब की संरक्षिका मुख्य रूप से उपस्थित रहीं | सभी सदस्याओं ने भक्ति भाव के साथ इस कीर्तन में भाग लिया |

## तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब, टिहरी परियोजना द्वारा विदाई समारोह का आयोजन

तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब, टिहरी परियोजना की पदाधिकारियों एवं सदस्याओं द्वारा 27 अप्रैल, 2024 को क्लब की सदस्या, श्रीमती शुभा गौड के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब, टिहरी परियोजना की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं | विदाई समारोह के अवसर पर क्लब की सभी सदस्याओं ने श्रीमती गौड व उनके परिवार के उज्ज्वल भविष्य व सुखद जीवन की कामना की |



## Kaushambi



Sh. S. K. Mittal, DGM (Solar/PSP), conducted an Awareness & Knowledge sharing session on "Purpose of Life" at the NCR office, Kaushambi, on 24th April, 2024. The session covered topics like "7 layers of our Existence, Stress and Anger Management, Source of energy, Benefits of Meditation, making life meaningful, etc."

A workshop on Brain Yoga was organized on 26th April, 2024 at NCR office, Kaushambi.The workshop was led by Sh. Suresh Kumar, the Founder of Brain Yoga Pvt. Ltd.





Public Sector Week was organized from 10th to 16th April, 2024 at the NCR office, Kaushambi. During the week various competitions and activities were organized for the employees.



अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः || Nothing is out of reach for someone with courage and perseverance.

## भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



**Sh. K. K. Singhal**
**CGM (MPS & Services)**
**DoR: 30-04-2024**

Sh. Kaushal Kumar Singhal, CGM (MPS & Services) superannuated from the corporation on 30th April, 2024. She Singh completed his B.Tech. (Civil Engineering) from College of Technology, GBPUAT, Pantnagar in 1986. He has also done PGCLCM from ILI Delhi, PGCPM from IIM, Indore & IIM Lucknow, and PGC in Primavera Operations.

He joined THDCIL in August 1990. Before Joining THDCIL he worked for two Hydro Power Projects viz. Ban Sagar Rock Fill Dam in MP and Narmada Main Canal Project in Gujarat.

Sh. Singhal has over 33 years of vast experience related to execution, material management, monitoring and contract awards for Hydro and Thermal power projects along with liasioning with various Ministries, Govt. departments and Organizations. Sh. Singhal also served as Civil head of Techno-commercial Deptt. at M/s Adani Infra India Ltd.

He was heading the MPS Deptt. at THDCIL, overseeing project monitoring, and also leading the Services Department. He also served as the Nodal Officer for Customs-related matters with Directorate General of Foreign Trade (DGFT) and ICEGATE, leveraging his expertise in import clearances. His contributions in THDCIL will always be remembered.



श्री वी. के. गुप्ता
वरि. प्रबंधक (पर्यावरण)
खुर्जा
सेवानिवृत्ति 30-04-2024



श्री सुनील कुमार बड़ोनी
वरि. प्रबंधक (विधि एवं पुनर्वास समन्वय)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30-04-2024



श्री गोविंद सिंह तोपवाल
अधिकारी (मा. सं. एवं प्रशा-
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-04-2024



श्री बीरबल सिंह
अधिकारी (पुनर्वास एवं भूमि संपत्ति)
देहरादून
सेवानिवृत्ति 30-04-2024

## Outbound Learning Program on "Synergize for Women Employees"

A 03-day training program titled 'Synergize for Women Employees' was organized by Corporate HRD department for the female employees of THDCIL from 06th to 08th April, 2024 at Corbett Adventure Resort, Jim Corbett Uttarakhand. A total number of 24 employees participated in the above program. The program was coordinated by The Linking Tree Consulting. The program included various outbound activities like jungle safari, team games and adventure activities.





**Generating Power... Transmitting Prosperity ...**

Designed In-House by Corporate Communication
Department, Rishikesh




टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
**THDC INDIA LIMITED**

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक ( मानव संसाधन व जनसम्पर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड़, ऋषिकेश- 249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135-2473504, वेबसाइट: www. thdc. co.in, ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका/न्यूज़ लेटर में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसीआईएल प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
(निशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)